राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर

[redacted] सं. रेस्टो/5/13/ .... जिला भीलवाड़ा

उनवान अनिल प्रकाश सोनी बनाम CTO

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
2-1-14	**एकलपीठ** **श्री सुनील शर्मा, सदस्य** वकील प्रार्थी श्री एम.पी.शर्मा एवं विभागीय प्रतिनिधि श्री एन.एस.राठौड़ उपस्थित। रेस्टोरेशन प्रार्थना पर उभयपक्ष की बहस सुनी। श्री शर्मा एडवोकेट ने बताया कि एस.बी. की सुनवाई दिनांक 10.01.2013 को अचानक सीढियों से गिर जाने के कारण चोट लगने से वे एस.बी. के समक्ष सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं हो सके थे। श्री शर्मा ने इस कथन के समर्थन में शपथ–पत्र भी पेश किया है जो पत्रावली पर उपलब्ध है। श्री शर्मा द्वारा बताये गये कारण समीचीन एवं युक्तियुक्त मानते हुए उनके द्वारा प्रस्तुत रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। मूल अपील पुनः नम्बर पर लेते हुए दिनांक 05.3.2014 को वास्ते बहस एस.बी. के समक्ष पेश हो। सदस्य राजस्थान कर बोर्ड अजमेर	